**राजस्थान सरकार**
**विधि एवं विधिक कार्य विभाग**

क्रमांकः– प.22(1)न्याय/2024 पार्ट जयपुर, दिनांकः–

**::आज्ञा::**

राजस्थान विधि सेवा संवर्ग के अधिकारियों/कार्मिकों के स्थानान्तरण/पदस्थापन इस विभाग की आज्ञा कमांक प.22(1)न्याय/2024 पार्ट व पार्ट–I दिनांक 10.07.2026 द्वारा किए गए है। उक्त स्थानान्तरण/पदस्थापन आदेश राजस्थान राज्य के विभिन्न विभागों की मांगों एवं उनमें लम्बित न्यायिक प्रकरणों की संख्या को मध्यनजर रखते हुए सक्षम स्तर (माननीय विधि मंत्री) से अनुमोदन उपरान्त जारी किए गए हैं।

उक्त स्थानान्तरण आदेशों में यह निर्देशित किया गया है कि

**"सभी संबंधित अधिकारीगण इस विभाग के आदेश क्रमांक प. 22(4)न्याय/2002 दिनांक 03.07.2002 के अनुसार 7 दिवस में कार्यमुक्त होकर अथवा विभाग द्वारा कार्यमुक्त नहीं करने की स्थिति में बिना कार्यमुक्त हुए नवपदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण करें अन्यथा इसे गम्भीरता से लिया जाकर दोषी अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार अविलम्ब अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी जिसके लिए अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।"**

यह देखने में आया है कि कुछ अधिकारियों/कार्मिको के कार्यमुक्त होने और कार्यग्रहण करने की सूचना विभाग में प्राप्त नहीं हुई है अतः राजस्थान विधि सेवा संवर्ग के अधिकारियों/कार्मिकों को एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि इस विभाग की आज्ञा क्रमांक प.22(1)न्याय/2024 पार्ट व पार्ट–I दिनांक 10.07.2026 की पालना में कार्यमुक्त होने/ कार्यग्रहण करने की सूचना 03 दिवस में Legal Officer Portal पर प्रेषित करावें, अन्यथा संबंधित अधिकारी/कार्मिक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अधिकारी/कार्मिक की होगी।

**आज्ञा से,**

**(राघवेन्द्र काछवाल)**
**प्रमुख शासन सचिव**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शारान सचिव।
2. समस्त जिला कलेक्टर/जिला परिषद/नगर परिषद ।
3. समस्त निदेशक/आयुक्त।
4. समस्त विभाग।
5. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक), विधि विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. रक्षित पत्रावली

**प्रमुख शासन सचिव**

Document certified by RAGHAVENDRA KACHAWAL <kachawal@yahoo.co.in>.

Digitally Signed by RAGHAVENDRA KACHAWAL
Designation : Principal Secretary To Government
Date :22-07-2026 05:01:01

RajKaj Ref No.: 23541924